षोडश बिहार विधान सभा

त्रयोदश सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-06 शुक्रवार, दिनांक- 05 जुलाई, 2019 ई० ।

माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.06 बजे अपराह्न तक ।

[1] **प्रश्नोत्तर काल :-**

(i) 01 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।
(ii) 02 अल्पसूचित प्रश्न अनागत ।
(iii) 114 तारांकित प्रश्न अनागत ।

इस दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शोरगुल करते हुए वेल में आ गए । आसन द्वारा विपक्ष के माननीय सदस्यों से कहा गया कि वे अपने-अपने स्थान पर जा कर अपनी बातों को कहें ।

किन्तु सदन में शान्ति कायम नहीं हो सकी और सभा की कार्यवाही भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

भोजनावकाश के बाद

(02.00 बजे अपराह्न से 05.02 बजे अपराह्न तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

[2] **वित्तीय वर्ष 2019-20 के आय व्ययक में सम्मिलित अनुदान की मांगों [खण्ड-3 (शिक्षा विभाग, सूचना प्रावैधिकी विभाग, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग तथा समाज कल्याण विभाग)] पर वाद-विवाद एवं मतदान :-**

माननीय प्रभारी मंत्री, शिक्षा विभाग, श्री कृष्णनंदन प्रसाद वर्मा द्वारा शिक्षा विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव सदन में प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य, श्री ललित कुमार यादव द्वारा अनुदान की मांग पर कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया । अनुदान की मांग पर वाद-विवाद में निम्नलिखित माननीय सदस्यों ने अपना पक्ष रखा ।

(i) श्री सुरेन्द्र कुमार
(ii) श्री अचमित ऋषिदेव

(माननीय अध्यासी सदस्य डा० अशोक कुमार ने आसन ग्रहण किया)

(iii) श्री अशोक सिंह
(iv) श्री शकील अहमद खाँ
(v) श्री अखतरूल इस्लाम शाहिन
(vi) श्री जितेन्द्र कुमार
(vii) श्रीमती अरूणा देवी
(viii) श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी
(ix) श्री मोजाहिद आलम
(x) श्री शिवचन्द्र राम
(xi) श्री सुदामा प्रसाद
(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)
(xii) श्री रत्नेश सादा
(xiii) श्रीमती समता देवी
(xiv) श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव

तत्पश्चात् माननीय प्रभारी मंत्री शिक्षा विभाग श्री कृष्णनंदन प्रसाद वर्मा द्वारा सरकार की ओर से वाद-विवाद का विस्तारपूर्वक उत्तर दिया गया ।

सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।

तदोपरान्त माननीय सदस्य श्री ललित कुमार यादव का कटौती प्रस्ताव सदन से अस्वीकृत हुआ तथा शिक्षा विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ ।

[3] निवेदन :-

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 36 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिये जायेंगे ।

तदुपरान्त् सभा की बैठक सोमवार, दिनांक-08 जुलाई, 2019 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-05.07.2019

बटेश्वर नाथ पाण्डेय
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।